http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 10 PAPER 2016

## हिन्दी (विशिष्ट) : कक्षा X

समय : 3 घण्टा | | पूर्णांक : 100

**प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए—** 1 × 5 = 5

(i) ........ को हमारे देश के लेखकों ने सोलह कला का अवतार कहा है। *(राम/कृष्ण)*

(ii) नीतिकाव्य जीवन-व्यवहार को ........ बनाने का आधार है। *(सुगम/दुर्गम)*

(iii) कलकत्ता में ........ फैला था। *(प्लेग/पीलिया)*

(iv) द्विगु समास का उदाहरण ........ है। *(गजानन/पंचवटी)*

(v) आधुनिक हिन्दी कविता का प्रारंभ संवत् ........ से माना जाता है। (1900/1850)

**उत्तर—(i)** कृष्ण, **(ii)** सुगम, **(iii)** प्लेग, **(iv)** पंचवटी, **(v)** 1900.

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए—** 1 × 5 = 5

**(i) लोक संस्कृति का जन्म हुआ—**

(क) शहरों में, (ख) गाँवों में, (ग) कस्बों में, (घ) विद्यालयों में।

**(ii) हिमालय से क्या आ रही है ?**

(क) पुकार, (ख) हुंकार, (ग) दुत्कार, (घ) चित्कार।

**(iii) महाजन का नाम था—**

(क) अंबिकाप्रसाद, (ख) शिबू, (ग) मोहन, (घ) ज्वालाप्रसाद।

**(iv) अद्भुत रस का स्थायी भाव है—**

(क) रति, (ख) निर्वेद, (ग) विस्मय, (घ) शोक।

**(v) नि: + चय = निश्चय — कौन-सी संधि का उदाहरण ?**

(क) विसर्ग, (ख) स्वर, (ग) व्यंजन, (घ) दीर्घस्वर।

**उत्तर—(i)** (ख), **(ii)** (क), **(iii)** (घ), **(iv)** (ग), **(v)** (क)।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य लिखिए—** 1 × 5 = 5

(i) स्वामी रामतीर्थ एक बार जापान गए थे।

(ii) कवि अभिमन्यु अनंत नियति से प्रश्न करते हैं।

(iii) नर्मदा का उद्‌गम स्थल नासिक है।

(iv) 'पुष्प' का पर्यायवाची शब्द 'कमल' है।

(v) 'पुरुषों में उत्तम' पुरुषोत्तम कहलाता है।

http://www.a2zSubjects.com

**उत्तर—(i)** सत्य, **(ii)** सत्य, **(iii)** असत्य, **(iv)** असत्य, **(v)** सत्य।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यांशों की सही जोड़ी बनाइए—** 1 × 5 = 5

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) परंपरा बनाम आधुनिकता | (क) बादल को घिरते देखा है |
| (ii) नागार्जुन | (ख) लोकसीमा का उल्लंघन |
| (iii) अतिशयोक्ति अलंकार | (ग) अल्पज्ञ |
| (iv) थके हुए कलाकार से | (घ) विचारात्मक निबंध |
| (v) कम जानने वाला | (ङ) धर्मवीर भारती |

**उत्तर—(i)** → (घ), **(ii)** → (क), **(iii)** → (ख), **(iv)** → (ङ), **(v)** → (ग)।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या एक शब्द में लिखिए—** 1 × 5 = 5

(i) मातृभूमि का मान किसने रखा ?

(ii) निन्दा करने वाला क्या कहलाता है ?

(iii) काँटे की मर्यादा क्या है ?

(iv) वात्सल्य रस के अलावा रसों की संख्या कितनी मानी गयी है ?

(v) एकांकी में कितने अंक होते हैं ?

**उत्तर—(i)** वीरसिंह ने, **(ii)** निन्दक, **(iii)** काँटे की मर्यादा उसके कठोर एवं तीखे होने में है, **(iv)** नौ, **(v)** एक अंक।

**प्रश्न 6.** 'स्तुति खण्ड' में जायसी ने कितने द्वीपों और भुवनों की चर्चा की है ? 2

*अथवा*

कवि ने हिमालाय की झीलों में किसको तैरते हुए देखा है? 1

**प्रश्न 7.** आक्रोश में आकर मजदूर ने क्या किया ? 2

*अथवा*

चलने के पूर्व बटोही को क्या करना चाहिए ?

**प्रश्न 8.** सखी प्रात:काल किसके द्वार पर जाती है ? 2

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com

*अथवा*

'कामायनी' के नायक एवं नायिका का नाम बताते हुए इसके रचनाकार का नाम बताइये।

**प्रश्न 9.** बिना बिचारे कार्य करने वालों का क्या परिणाम होता है ? 2

*अथवा*

स्वाधीन जगत में कौन जीवित रह सकता है ?

**प्रश्न 10.** कवि पद्माकर के अनुसार 'वनों और बागों' में किसका विस्तार है ? 2

*अथवा*

'नयी सभ्यता' कविता के कवि का नाम बताते हुए 'नयी सभ्यता' के स्वरूप को बताइये।

**प्रश्न 11.** स्थितप्रज्ञता कैसे प्राप्त होती है ? 2

*अथवा*

आधुनिकता सम्प्रदाय का विरोध क्यों करती है ?

**प्रश्न 12.** 'आपका नाम बाजरा तो नहीं है'—यह कथन किसने किससे पूछा ? 2

*अथवा*

गेहूँ और गुलाब किसका प्रतीक है ?

**प्रश्न 13.** भारतीय राष्ट्रीय जीवन पर किन दो समकालीन व्यक्तियों के उदात्त मस्तिष्क की गहरी छाप है ?

*अथवा* 2

असत्य किन स्थितियों में सत्य से बड़ा हो जाता है ?

**प्रश्न 14.** ज्ञान और दीपक के आपसी सम्बन्ध को स्पष्ट कीजिए। 2

*अथवा*

सुश्रुत को शल्य चिकित्सा के अतिरिक्त अन्य किन रोगों की महत्त्वपूर्ण जानकारी थी ?

**प्रश्न 15.** निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए— 2

(i) मोहन दिल्ली में रहता है। *(निषेधवाचक)*

(ii) सीता गाना गाती है। *(विस्मयादिसूचक)*

*अथवा*

निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए—

(i) नीति का बोध कराने वाला वाक्य, (ii) ठेका लेने वाला।

**प्रश्न 16.** महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई दो अन्तर लिखिए। 2

*अथवा*

वीर रस का स्थायी भाव लिखते हुए एक उदाहरण लिखिए।

**प्रश्न 17.** "कुछ लोग बड़े निर्दोष मिथ्यावादी होते हैं।" कथन की विवेचना कीजिए। 3

*अथवा*

"अमरनाथ एक सच्चा मित्र है।" क्यों कहा गया है ?

**प्रश्न 18.** निम्नलिखित शब्दों के समास विग्रह करते हुए समास के नाम बताइये— 3

(i) भरपेट, (ii) माखनचोर, (iii) नीलकमल।

*अथवा*

निम्नलिखित शब्दों की सन्धि करते हुए सन्धि का नाम लिखिए—

(i) पर + उपकार, (ii) जगत् + ईश, (iii) हिम + आलय।

**प्रश्न 19.** वक्रोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 3

*अथवा*

हरिगीतिका छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए।

**प्रश्न 20.** नई कविता की दो विशेषताएँ लिखते हुए दो कवियों के नाम लिखिए। 4

*अथवा*

रीतिकाल की चार विशेषताएँ लिखिए।

**प्रश्न 21.** बाबू गुलाबराय के अनुसार निबन्ध की परिभाषा देते हुए हिन्दी साहित्य के दो निबन्धकारों के नाम लिखिए।

*अथवा* 4

'रिपोर्ताज' किसे कहते हैं ? कोई दो रिपोर्ताज लेखकों के नाम लिखिए।

http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 22.** तुलसीदास *अथवा* सुभद्राकुमारी चौहान की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए। 2 + 2 = 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भावपक्ष-कलापक्ष, (iii) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 23.** रामवृक्ष बेनीपुरी *अथवा* कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए। 2 + 2 = 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा-शैली, (iii) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ सहित कीजिए—** 4

*अवगति-गति कछु कहत न आवै।*
*ज्यौं गूँगे मीठे फल कौ रस, अंतरगत ही भावै।*
*परम स्वाद सबही सुनिरंतर, अमित तोष उपजावै।*
*मन-बानी कौ अगम अगोचर सो जानै जो पावै।*
*रूप-रेख-गुन-जात-जुगति बिनु, निरालंबकित धावै।*
*सब विधि अगम बिचारहितातैं सूर सगुन पदगावै।*

*अथवा*

*वैराग्य छोड़कर बाँहों की विभा सँभालो,*
*चट्टानों की छाती से दूध निकालो।*
*है रुकी जहाँ भी धार, शिलाएँ तोड़ो,*
*पीयूष चन्द्रमाओं को पकड़ निचोड़ो।*

**प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सन्दर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए—** 4

महाशय 'क' नास्तिक थे, मगर आजकल उनकी धर्मनिष्ठा देखकर मन्दिर के पुजारी को पदच्युत हो जाने की शंका लगी रहती थी। मि. 'ल' को किताबों से घृणा थी, परन्तु आजकल वे बड़े-बड़े ग्रन्थ देखने-पढ़ने में डूबे रहते थे। जिससे बात कीजिए, वह नम्रता और सदाचार का देवता बना मालूम होता था। शर्माजी घड़ी रात से ही वेद-मन्त्र पढ़ने लगते थे और मौलवी साहब को नमाज और तलावत के सिवा कोई काम न था। लोग समझते थे कि एक महीने का झंझट है किसी तरह काट लें, कहीं कार्य सिद्ध हो गया तो कौन पूछता है।

लेकिन मनुष्यों का वह बूढ़ा जौहरी आड़ में बैठा हुआ देख रहा था कि इन बगुलों में हंस कहाँ छिपा हुआ है।

*अथवा*

धिक्कार है तुम्हें ! नकली बूँदी भी प्राणों से अधिक प्रिय है। जिस जगह एक भी हाड़ा है, वहाँ बूँदी का अपमान आसानी से नहीं किया जा सकता। आज महाराणा आश्चर्य के साथ देखेंगे कि यह खेल केवल खेल ही नहीं रहेगा, यहाँ की चप्पा-चप्पा भूमि सिसोदियों और हाड़ाओं के खून से लाल हो जाएगी।

**प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** 5

आप हमेशा अच्छी जिन्दगी जीते आ रहे हैं। आप हमेशा बढ़िया कपड़े, बढ़िया जूते, बढ़िया घड़ी, बढ़िया मोबाइल जैसे दिखावों पर बहुत खर्च करते हैं मगर आप अपने शरीर पर कितना खर्च करते हैं ? इसका मूल्यांकन जरूरी है। यह शरीर अनमोल है। अगर शरीर स्वस्थ नहीं होगा तो आप ये सारे सामान किस पर टाँगेंगे ? अत: स्वयं का स्वस्थ रहना सबसे जरूरी है एवं स्वस्थ रहने में हमारे खान-पान का सबसे बड़ा योगदान है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) अनमोल क्या है ?

(iii) शुद्ध, असली शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

**प्रश्न 27.** स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र के लिए अपने प्राचार्य को आवेदन-पत्र लिखिए। 5

*अथवा*

वार्षिक परीक्षा की तैयारी का उल्लेख करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए।

**प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए—** 7

(i) समाचार पत्र, (ii) विज्ञान के बढ़ते चरण, (iii) वन संरक्षण, (iv) खेल : जीवन के लिए आवश्यक, (v) दहेज एक सामाजिक अभिशाप।

**(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए—** 3

(i) विद्यार्थी और अनुशासन, (ii) पुस्तकालय, (iii) विद्यालय का वार्षिकोत्सव।

http://www.a2zSubjects.com